दिन–शनिवार दिनांक– 04/10/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अविध – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज युवाओं के लिए बासठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया। ये युवा केन्द्रित पहल, देश में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देंगी। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आई.टी.आई. के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन–पीएम–सेतु का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने बिहार से जुड़ी कई योजनाओं का भी उद्‌घाटन किया। उन्होंने संशोधित मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का शुभारंभ किया। इसमें प्रति वर्ष लगभग पाँच लाख स्नातक युवाओं को दो साल तक एक हज़ार रुपये मासिक भत्ता और निशुल्क कौशल प्रशिक्षण मिलेगा। साथ ही प्रधानमंत्री ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय और बिहार युवा आयोग का उद्‌घाटन किया। श्री मोदी ने बिहार के सरकारी विद्यालयों के नौवीं और दसवीं कक्षा के छात्रों के बीच चार सौ पचास करोड़ रुपये छात्रवृति की राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया।

---

इसके अलावा प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के लाभुकों के बीच राशि का वितरण किया। कार्यक्रम में नव चयनित तीन हजार नौ सौ बयालीस युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर पटना में आयोजित कार्यक्रम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे।

---

निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग के एक दल ने आज बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए राजनीतिक दलों के साथ विचार–विमर्श किया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, जदयू, राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, वामपंथी दलों और अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए अपने विचार और सुझाव रखे। बैठक के बाद, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि चुनाव अगले महीने की तीन या चार तारीख के बाद कराए

जाएँ। अभी निर्वाचन आयोग का दल प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ एक उच्च–स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहा है। इसमें प्रशासन और कानून–व्यवस्था से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

———————————————————————

सुपौल के त्रिवेणीगंज रेलवे स्टेशन से पहली बार यात्री ट्रेन का संचालन शुरू हुआ। स्थानीय सांसद दिलेश्वर कामैत ने पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुपौल–अररिया नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत सहरसा–अमहा–पिपरा पैसेंजर ट्रेन को फिलहाल त्रिवेणीगंज तक विस्तारित किया गया है। इस अवसर पर त्रिवेणीगंज की विधायक वीणा देवी समेत वरीय प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

———————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर, सीवान, सारण, शिवहर, समस्तीपुर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, दरभंगा और मधुबनी समेत कई जिलों में अत्यंत भारी बारिश हुयी है। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सीवान और गोपालगंज जिले में अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, पश्चिमी चंपारण, सारण, भोजपुर, शिवहर, पटना, वैशाली और समस्तीपुर जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। इसके अलावा भी राज्य के अन्य जिलों में तेज बारिश का पूर्वानुमान है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि सारण जिले में अत्यधिक भारी बारिश के चलते सभी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद कर दिया गया है। छपरा शहर में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुयी है। जिला प्रशासन ने किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। इधर, शिवहर में भी जिला प्रशासन ने भारी बारिश को देखते हुए सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को कल तक के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।